दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-167
मुरादाबाद
(Monday)
07 October 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सीएम योगी ने महाकुंभ के लोगो का किया अनावरण, साधु-संतों के साथ की बैठक, तैयारियों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज पहुंच गए। महाकुंभ-25 के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण, वेबसाइट और ऐप लांच करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीआईपी घाट से स्पेशल बोट द्वारा संगम निरीक्षण के लिए निकल गए। उनके साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह राकेश सचान और नंद गोपाल गुप्ता नंदी हैं। सीएम रविवार को महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे हैं। संतों के साथ मुख्यमंत्री योगी ने शुरू की समीक्षा मंगलाचरण और स्वस्तिवाचन के साथ रविवार को दिन के 11:23 बजे परेड मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ साधु संतों की महाकुंभ मेले की तैयारी को लेकर बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले अफसरों ने स्वागत किया। साथ ही अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारियों और प्रमुख साधु संतों का स्वागत अभिनंदन किया। अखाड़े ने कुंभ मेले की बसावट के साथी बजरी कारण न करने भूमि सुविधाएं बढ़ाने संत भक्त निवास के लिए पिछले कुंभ की तुलना में दोगुना अधिक बजट प्रदान करने का प्रस्ताव रखा।महाकुंभ की तैयारी के लिए 13 हो अखाड़े के साथ दंडीवाडा, आचार्य वाड़ा, प्रयागवाल सभा तीर्थ पुरोहितों के अलावा बैरागी, संन्यासी, वैष्णव संतों के प्रमुख पीठाधीश्वर परेड मैदान स्थित सीएम की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं।इनके अलावा खास चौक के भी संत अपने पूरे जमात के साथ पहुंचे हैं । अखाड़ा परिषद के पदाधिकारिओं के साथ सीएम मुलाकात भी करेंगे।सीएम ने संगम और अक्षयवट का किया निरीक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिहं, राकेश सचान और नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ स्पेशल बोट से संगम का निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक उन्होंने विभिन्न कार्यों ा जायजा लिया और घाटों की स्थिति देखी साथ कुंभ को लेकर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।इसके बाद वह वीआईपी घाट पर पहुंचे और फिर अक्षयवट के लिए निकल गए। सीएम ने हनुमान मंदिर कॉरिडोर और अक्षयवट कॉरिडोर के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। सीएम ने किया मां गंगा का पूजनमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम पर गंगा पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा का पूजन कर आरती उतारी। मंत्री और अन्य नेताओं ने भी गंगा जी का पूजन अर्चन किया। वेबसाइट और ऐप लॉच करेंगे सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के बाद जनप्रतिनिधियों के साथ महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। सीएम ने महाकुंभ-2025 के लोगो का अनावरण, वेबसाइट http://kumbh.gov.in और ऐप Mahakumbhmelaw®wz को लांच किया। महाकुंभ-25 के लोगो का प्रयोग महाकुंभ की वेबसाइट और ऐप के साथ अन्य प्रचार माध्यमों में भी किया जाएगा।इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक हर्षवर्धन, गुरुप्रसाद, पीयूष रंजन, महापौर गणेश केसरवानी आदि रहे। सीएम योगी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया साइट एक्स पर भी साधु संतों के साथ बैठक और लोगो के अनावरण का वीडियो साझा किया है। महाकुंभ की वेबसाइट और ऐप श्रद्धालुओं व पर्यटकों के वायु, रेल व सड़क मार्ग से महाकुंभ पहुंचने में सहयोग करेगा। इसके माध्यम से प्रयागराज में आवासीय सुविधा, परिवहन, पार्किंग, मंदिरों तक पहुंचने की जानकारी मिलेगी। इसमें स्थानीय और आस-पास के आकर्षण और पर्यटन स्थलों की भी जानकारी होगी। श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र, आवास और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों तक आसानी से पहुंचने के लिए गूगल नेविगेशन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के अलर्ट भी इसके माध्यम से मिलेंगे।प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री बड़े हनुमानजी के दरबार में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। मंदिर पहुंचने पर महंत बलवीर गिरि ने योगी का स्वागत किया। इसके बाद सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवन पुत्र हनुमानजी की पूजा अर्चना करने के बाद आरती उतारी। सीएम योगी ने मां गंगा का पूजन किया। दौरान सतुआ बाबा समेत तमाम साधु संत और तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे। परेड ग्राउंड में बने हेलीपैड पर करीब दस बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उड़नखटोला उतरा। यहां पर महापौर गणेश केसरवानी, सांसद प्रवीण पटेल, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, पीयूष रंजन निषाद, गुरु प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन बाजपेयी आदि ने स्वागत किया। कुंभ के कार्यों का उन्होंने जायजा लिया। सीएम योगी ने कार्यों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

बाढ़ के कारण आई समस्याओं के बारे में भी अधिकारियों ने सीएम को अवगत कराया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और साधु- संतों के साथ बैठक की। संतों ने सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर कई मांगें सीएम योगी के सामने रखीं।

संक्षिप्त समाचार

अब कोई अभया न हो, ये हमारी जिम्मेदारी, अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे डॉक्टर्स अपनी मांगों पर अड़े

धरने पर बैठी एक जूनियर डॉक्टर ने कहा कि %जब तक हमारी न्याय की मांग नहीं मानी जाती तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अभया के साथ जब दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या हुई, उससे पहले उसे कई बार धमकियां मिलीं।%आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन अब अनिश्चितकालीन धरने में बदल गया है। इससे पहले डॉक्टर्स ने राज्य सरकार को उनकी मांगों पर अमल करने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया था, लेकिन जब सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो डॉक्टर्स ने शनिवार रात साढ़े आठ बजे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।धर्मतला में धरने पर बैठी एक जूनियर डॉक्टर ने कहा कि %जब तक हमारी न्याय की मांग नहीं मानी जाती तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अभया के साथ जब दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या हुई, उससे पहले उसे कई बार धमकियां मिलीं। कोई भी अभया हो सकता है। ऐसे में ये हमारी जिम्मेदारी है कि अब कोई और अभया न हो। एक तरह हम भूख हड़ताल कर रहे हैं और दूसरी तरफ हम देख रहे हैं कि एक और नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हो गई है। आरजी कर की घटना के बाद कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। हम सभी डॉक्टर्स धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और सिर्फ छह ड्यूटी कर रहे हकसी मरीज को परेशानी न हो।

'डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट, यूपी में सात साल से यही हो रहा', भाजपा पर बरसे केजरीवाल

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट है। यूपी में पिछले सात साल से डबल इंजन की सरकार है, लेकिन फेल है। आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में %जनता की अदालत% कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता को संबोधित करते हुए

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता का प्यार, समर्थन और विश्वास ही मेरी ईमानदारी का प्रमाण बनेगा। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट है। यूपी में पिछले सात साल से डबल इंजन की सरकार है, लेकिन फेल है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, %इनकी (भाजपा) 22 राज्यों में सरकारें हैं। आप इनसे पूछना कि वे एक राज्य बता दें, जहां उन्होंने बिजली फ्री की हो...गुजरात में इनके 30 साल से सरकार है। उन्होंने एक भी स्कूल ठीक नहीं कराया...22 राज्यों में इनकी सरकारें हैं, एक काम ये बता दें जो इन्होंने अच्छा काम किया हो। अगली साल 17 सितंबर को पीएम मोदी रिटायर हो जाएंगे। मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप इन एक साल में 22 राज्यों में कोई ऐसा काम करके दिखा दीजिए जो दिल्ली में हुए हैं...10 साल में इन्होंने कुछ नहीं करा।% केजरीवाल ने कहा, %जब आप रिटायर होंगे तो सब ये तो सोचेंगे कि आपने 10 साल तो कुछ नहीं किया, लेकिन 11वें साल में तो कुछ किया। आज मैं पीएम मोदी को कहता हूं कि फरवरी में दिल्ली के चुनाव हैं। फरवरी के पहले इन 22 राज्यों में बिजली फ्री कर दीजिए, मैं दिल्ली की चुनाव में मोदी जी का प्रचार करूंगा।% जनता की अदालत कार्यक्रम के दौरान दिल्ली की सीएम और आप नेता आतिशी ने कहा, %%दिल्ली ही एक ऐसी जगह है, जहां भीषण गर्मी में भी 24 घंटे बिजली मिलती है और फिर भी बिल जीरो आता है, ये अरविंद केजरीवाल की दिल्ली है। भाजपा एक गरीब विरोधी पार्टी है और गरीबों को परेशान करती है। पिछले कुछ वर्षों से भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली भर में झुग्गियों को एक-एक करके ध्वस्त कर रही है, भाजपा ने छह महीने पहले वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी थी।

सांसद इकरा हसन बोलीं, यति नरसिंहानंद पर हो यूएपीए के तहत कार्रवाई, नबी की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं

गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने पर देशभर में गुस्सा जाहिर किया जा रहा है। सपा सांसद इकरा हसन ने वीडियो जारी कर विरोध दर्ज कराया है।पैगंबर मोहम्मद साहब सल्लल्लाहूअलैहीवसल्लम की शान में गुस्ताखी करने वाले यति नरसिंहानंद पर सपा की लोकप्रिय सांसद इकरा हसन ने नफरती बीज बौने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों से नरसिंहानंद पर यूएपीए व एनएसए की गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने की मांग की है।गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने पर देशभर में उनके खिलाफ गुस्सा जाहिर किया जा रहा है। कैराना लोकसभा से सपा सांसद इकरा हसन ने वीडियो जारी कर विरोध दर्ज कराया है। सांसद ने कहा कि यति नरसिंहानंद जैसे ढोंगी, पाखंडी लोगों ने एक बार फिर अपनी गंदी जुबान से नफरत का जहर उगला है और हमारे प्यारे नबी की शान में गुस्ताखी की है, जो हम सबके लिए नाकाबिले बर्दाश्त है। प्यारे नबी जो पूरी दुनिया के लिए रहमत और शांति का पैगाम लेकर आए थे, उनकी शान में यह अपनी गंदी जुबान से गुस्ताखी कर रहा है। जो हर अमन पसंद हिन्दुस्तानी चाहे वो हिंदू हो या मुसलमान, सब के लिए नाकाबिले बर्दाश्त है। उन्होंने कहा कि यह हर बार अपनी जुबान से नफरत का बीज बोकर कानून से बच जाता है, क्योंकि राज्य सरकारें ईमानदारी से अपना फर्ज नहीं निभा पा रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र व राज्य सरकारों के जिम्मेदारों से यह कहना चाहती हूं कि अब उनका ढुलमुल रवैया नहीं चलेगा। यति नरसिंहानंद और इन जैसे झूठे पाखंडियों के खिलाफ दिखावटी कार्रवाई ना की जाए, बल्कि हेट स्पीच, यूएपीए व एनएसए की गंभीर धाराओं में कार्रवाई हो, ताकि कोई भी भविष्य में ऐसी जुर्रत ना कर सकें। हम संसद व सुप्रीम कोर्ट में हर मुमकिन कार्रवाई करेंगे। अपना विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान ने जो हमें सिर उठाकर जीने का अधिकार दिया है, उसे हम लेकर रहेंगे, चुप नहीं बैठेंगे।

'एक साथ चुनाव असांविधानिक नहीं', रामनाथ कोविंद बोले- अंतिम निर्णय लेगी संसद

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति में आयोजित व्याख्यान देते हुए कहा कि 1967 तक पहले चार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे, फिर एक साथ चुनाव कराने को असांविधानिक कैसे कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्गों का कहना है कि एक साथ चुनाव कराने का विचार असांविधानिक है, लेकिन यह सच नहीं है, क्योंकि संविधान निर्माताओं का भी यही विचार था। एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि यह असांविधानिक नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यान्वयन समिति, पर विचार करेगी और उसके बाद संसद अंतिम निर्णय लेगी। पूर्व राष्ट्रपति हुए कहा कि 1967 तक पहले चार लोकसभा और विधानसभा चुनाव जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्गों का कहना है कि एक साथ संविधान निर्माताओं का भी यही विचार था। उन्होंने कहा कि निर्वाचन है।रामनाथ कोविंद ने कहा कि वास्तव में एक साथ चुनाव कराने से तक एक साथ काम करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि %एक राष्ट्र, एक है। यह धारणा बन गई है कि इसके तहत केवल एक ही चुनाव होगा और विधानसभाओं और स्थानीय निकायों- नगर पालिकाओं और पंचायतों एक ही समय में चुनाव हो और पांच साल तक एक साथ काम किया जा उच्च स्तरीय समिति को ज्ञापन दिया है। इसमें 32 ने एक साथ चुनाव का विरोध कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने अतीत में किसी न किसी बिंदु पर एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन किया है।

एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान निर्माताओं का था, इसलिए एक देश एक चुनाव को लागू करने के लिए विभिन्न सांविधानिक संशोधनों कोविंद ने दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति में आयोजित व्याख्यान देते एक साथ हुए थे, फिर एक साथ चुनाव कराने को असांविधानिक कैसे कहा चुनाव कराने का विचार असांविधानिक है, लेकिन यह सच नहीं है, क्योंकि आयोग सहित कई संस्थाओं ने अतीत में इस अवधारणा का समर्थन किया संघवाद को और मजबूती मिलेगी, क्योंकि तीनों स्तर की सरकारें पांच साल चुनाव% एक लोकप्रिय मुहावरा है, जिसकी कुछ लोगों ने गलत व्याख्या की आगे कोई चुनाव नहीं होगा।उन्होंने बताया कि अवधारणा लोकसभा, राज्य के लिए एक साथ चुनाव कराने की है, ताकि शासन के सभी तीन स्तरों पर सके। पूर्व राष्ट्रपति ने बताया कि 47 राजनीतिक दलों ने उनके नेतृत्व वाली कराने का समर्थन किया है। इसके अलावा 15 दल एक साथ चुनाव कराने

संपादकीय Editorial

Dr. Pinky from begging to the future

She was born in an environment of begging, but when she got the support of a social service organization to move forward, she saw a sparkle in her eyes and the path to the future. The hands that held a begging bowl till yesterday, today with a stethoscope have become the identity of the medical profession. The character of this amazing success story is Dr. Pinky Haryan. A daughter who returned from the slums of Dharamshala after studying medicine from a medical college in China. She made her hunger her future, made humanity walk on her own footsteps. This is a story whose lessons are personal as well as social. It brings out the reality of national policies, programs and environment. 'How many mirrors must have broken every moment where your picture would have been complete.' Today, even the begging grains must have felt proud, when Dr. Pinky's journey came in front of them. She walked in the streets of McLeodganj with her hands outstretched to beg, but Tonglen Charitable Trust taught her to walk with life. A journey of twenty years took a four and a half year old girl from a hut in a Dharamshala to the top of the medical world. This is not a mere coincidence, not a labour, not a record, but an attempt to light the lamp of life. The darkness of Pinky's life still resides in the slums of the country, but no institution like 'Tonglen' reached there nor did the dreams change there. The foundation of dreams between Pinky and Dr. Pinky, the will to move forward and the pledge to study and shape life brought forth all the tests and results of the last two decades. Actually, this work has been going on since independence. The goals of the governments have always stood with many options and solutions in front of the light of upliftment and the shackles of society under the scorching sun, but where the efforts become exemplary on a non-governmental platform, the directions change. An unimaginable power transformed the compulsion to fill the stomach into a desire to move ahead. The country is providing free ration to end the hunger of 80 crore people, but will Pinky be able to achieve her dreams of success there? Are Pinky's dreams possible in a simple, social and national perspective? Are we showing the path to make every child of government school a Pinky? Tonglen made this difference. The organization taught the slum to smell good away from all addictions, as a result a small diya named Pinky is now shining like the sun. There will be more such stories and examples of extraordinary successes are no less, but here the character is asking us questions. He is asking the situation of Disha that why don't we look into such scenarios and despite the echo of our policies, why is the country still standing helpless and crippled in Dharavi, the world's largest slum. Jamyang, the director of Tonglen Charitable Trust in India, has proved that pearls can be picked even from poverty and hunger. What is important is the mental change of the children and the eagerness to achieve something amidst the struggle. This is also visible in the achievements of the country, but there the doors are different. Many societies within the society and many countries within the country are still divided. Even today, to reach the national level selection examinations, the upbringing of that strong society continues, which had the capability even yesterday and is still the platform of economic capability today. On national occasions, the important posts, objectives and possibilities of the country still dwarf a large section of the society. Even today, political philosophies are being written in the noise of caste counting, but when Guru Jamyang held the hand of Pinky who was begging, neither her caste nor her religion was asked. She was not given any reservation, rather the eyes were filled.

Navratri, the festival of worship of Shakti, pleases the mother by doing dandiya

♦ Twinkle Advani
Bilaspur, Chhattisgarh

Navratri, the festival of worship of Shakti, is celebrated with great pomp not only in the country but also abroad. Nature changes its form in these 9 days. A different aura is seen in the environment. The word Navratri means Navratri. Our sages have considered night to be more important for success. That is why Shivratri, Diwali, Holika and Navratri are celebrated at night only. In these 9 days, Tamoguni nature is worshipped for the first three days, Rajoguni nature for the second three days and nature is worshipped for the last three days. In these 9 days, the mind, body and soul are purified. Spiritual power increases. Nowadays Navratri is celebrated in every city, especially among the youth, its enthusiasm is worth seeing. Garba is special in this. The word Garba originated from Gujarat. It is mentioned in the stories that in Gujarat, the demon Mahishasur had a boon that no god could kill him. When she did a lot of penance and got a boon, she felt that no woman can challenge her. Tired of her increasing atrocities, Brahma, Vishnu, Mahesh prayed to the Goddess for protection. Then the Goddess appeared and fought with Mahishasura for 9 days and 9 nights and finally the Goddess won. Since then Navratri is celebrated with great enthusiasm. The Goddess could have destroyed that demon in a single day. But for 9 days of Navratri, the Goddess fought with him and gave a message to humans that no matter how big is the power of evil, no matter how long the war lasts, but truth always wins. Actually Garba and Dandiya are different. Garba is seen as a womb with the idol of the Goddess in it, a pot inside which a diya is lit, there are holes outside, which is kept in the middle and the dance is performed in traditional dress. And Dandiya is a modern form in which modernity is combined with the dress and dances are performed giving different messages based on the theme in the middle. It is not only danced on Devi Bhajans but also on modern songs, whereas in Garba, dance is performed only on Devi Bhajans. Dance is performed while balancing two wooden sticks which are considered to be the symbolic form of a sword. Navratri also shows respect towards women. Business flourishes in every way during these 9 days. Especially due to Dandiya, various types of events are organized, which also has many benefits. Dandiya is such a modern form which fills a new enthusiasm in life. People of all ages have started doing it in their own style. There are many benefits of doing it. Due to work pressure and competition, people are forgetting their happiness, relationships, falling prey to depression. But this Navratri infuses a new power inside you. There are many benefits of doing Dandiya- 1) Losing weight- Nowadays most of the people are crazy about junk food, one of its side effects is obesity. For which fitness centers are joined and dieting is done but still the effect is not so quick but in this Navratri if you eat satvik food and do Dandiya as an exercise then your weight reduces a lot. 2) Positive thinking--It is said as the food so the mind... If we eat satvik food in nine days and do not eat outside food then we become very positive and this positive energy provides a new direction to move forward in our work field. 3) Creative- Nowadays Dandiya is being done on a very large scale, different themes and forms are seen in it. New songs, costumes, jewellery, variety in food, discussion on new topics, new types of pandals, new stages, everything is amazing. These 9 days are considered to be the days of new creation because just as a new form of the mother appeared after the 9-day war, the power of creation also starts increasing in Navratri. Especially in women, an amazing energy is seen, the eight powers get awakened. That is, different types of arts. 4) Spiritual power- We cannot succeed in any field of life without spirituality. Because spirituality saves us from many vices. It also awakens the feeling of service, kindness, affection in us. Peace and faith increases in the mind, without this we cannot get success in life. Our spiritual power awakens in Navratri which keeps us energetic for a long time. 5) Sweetness in relationships- Nowadays everyone lives in their own way and goes out for a walk. But Dandiya is a family event in which family members go together. Brothers, sisters, cousins, grandparents and neighbors also stay together and practice for a long time or go together, there is a sweetness in the relationship of all of them. Happiness increases in the elders and the younger ones get a sense of belonging and affection. Happy Navratri to all of you. Along with pleasing the Goddess, let us move towards a better society by connecting with our society and community. With these best wishes.

Assistive Technology and Inclusion for the Disabled: A Critique

Sanjay Sondhi, Deputy Secretary, Land and Building Department, Government of Delhi On the basis of the socio-cultural model of disability, society and policy makers agree on the statement that 'a person is not disabled, but the environment has a disability, due to which a disabled person is left out of the scene. Disabled people also contribute to the development of society and the nation and in improving it. To make their contribution more meaningful and visible, it is important to provide them with an environment full of inclusion. For this, the use of Assistive Technology will be mandatory. According to research studies, at present 2.5 crore people need assistive technologies and by 2050 3.5 crore people will need assistive technologies. It is worth noting here that in developing countries (where the number of disabled people is high), assistive technologies are available in limited quantity and are also not good in terms of quality. A provision was made to provide education to disabled people without any discrimination. This objective has not been fulfilled till date. The biggest reason for this is the lack of an inclusive environment in society and non-availability of assistive technologies in appropriate and sufficient quantity. To bring inclusion in society, it should be ensured that: there is availability of quality assistive devices, assistive devices should be available at low cost, there is training for efficient use of assistive devices, availability of workshops, continuous research work should be ensured to make assistive devices even more convenient, continuous efforts should be ensured to reduce the risks involved in using assistive devices, etc. According to research studies, the educational status of disabled people is also not very positive. Among the disabled children enrolled in schools, 47% are able to complete primary education, 33% are able to complete secondary education and 27% are able to complete their higher secondary education. The situation becomes even more pathetic in the field of higher education. The objective of making the earth an inclusive planet was set at the G-20 conference in Brazil. The objective of the programme for production and distribution of assistive technology is to create an inclusive world for all people (normal and disabled). The objectives of G-20 and this programme are similar to each other. To understand the availability and development of assistive technology in educational institutions, it will be useful to look at the 5 P model of the World Health Organisation. Look at the 5 P model of WHO: (1) People (2) Product (3) Policy (4) Provision (5) Personal The following challenges are visible regarding assistive technology: A huge investment will be required in this sector. There is generally a lack of technical experts and skills in this sector. There is a gap between appropriate production and provisions. People have little awareness about this sector. There is a lack of awareness. Policies have led to discrimination. There is a serious gap between the demand and supply of the available assistive technology products. There is also a serious lack of financial resources. The products that are being supplied are also low in quality. The market for assistive technology is very fragmented. There is a lack of resolve in the government representatives who make and implement policies. Quality development of assistive technology is a must for the benefit of disabled people all over the world. It is best to start this from educational institutions. In research studies, it has been found that efficient use of assistive technology in educational institutions will be an important investment to reduce the expenditure on their skills and workshops in future. In educational institutions, we bring together a large community of society in the form of disabled students, parents, teachers, public representatives, policy makers. It is clear that information can be disseminated simultaneously on what assistive technology is, how it should be, how it should be effectively manufactured and used, etc. Along with this, there should also be a provision for training of parents along with teachers. This is possible. This will enable greater inclusion of people with disabilities in society, with assistive technology forming the basis for this.(1) People (2) Product (3) Policy (4) Provision (5) Personal The following challenges are visible regarding assistive technology: A huge investment will be required in this sector. There is generally a lack of technical experts and skills in this sector. There is a gap between appropriate production and provisions. People have little awareness about this sector. There is a lack of awareness. Policies have led to discrimination. There is a serious gap between the demand and supply of the available assistive technology products. There is also a serious lack of financial resources. The products that are being supplied are also low in quality. The market for assistive technology is very fragmented. There is a lack of resolve in the government representatives who make and implement policies. Quality development of assistive technology is a must for the benefit of disabled people all over the world. It is best to start this from educational institutions. In research studies, it has been found that efficient use of assistive technology in educational institutions will be an important investment to reduce the expenditure on their skills and workshops in future. In educational institutions, we bring together a large community of society in the form of disabled students, parents, teachers, public representatives, policy makers. It is clear that information can be disseminated simultaneously on what assistive technology is, how it should be, how it should be effectively manufactured and used, etc. Along with this, there should also be a provision for training of parents along with teachers.

क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट का नगर विधायक व सीएमओ ने किया उद्घाटन

सुविधाजनक- रोगियों के लिए संपूर्ण कैंसर अस्पताल एवं रेडिएशन थेरेपी सेंटर है क्रेस्ट गैलेक्सी इंस्टिट्यूट, जल्द ही ब्लड बैंक, बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट एवं कैंसर फिजियोथेरेपी की भी सुविधा

मुरादाबाद। महानगर में ही कांठ रोड पर स्थित क्रेस्ट हॉस्पिटल परिसर में क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट का संचालन प्रारंभ हो गया है। पहले दिन नगर विधायक रितेश गुप्ता और सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने कैंसर इंस्टिट्यूट का भ्रमण कर आधुनिक मशीनों के बारे में जाना और रोगियों को मिलने वाले इलाज के संबंध में समझा। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर कैंसर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक व सीएमओ ने कैंसर इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. संदीप अग्रवाल व और डायरेक्टर डॉ. राजशेखर गुप्ता के संयुक्त प्रयास को सराहा और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट में रेडिएशन थेरेपी सेंटर का उद्घाटन करते नगर विधायक रितेश गुप्ता व साथ में हैं सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह। इस मौके पर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. संदीप अग्रवाल व और डायरेक्टर डॉ. राजशेखर गुप्ता रेडिएशन सेंटर, कीमोथेरेपी के लिए विशेष इंतजाम दिखाए। उन्होंने अतिथियों को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग का भी भ्रमण कराया। डॉ. संदीप अग्रवाल ने अतिथियों से अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैंसर का इलाज किसी एक विशेषज्ञ के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए पूरी टीम को लगना पड़ता है और वह प्रशिक्षित डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल की टीम उनके पास है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल में यह पहला गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट है। इसलिए अब कैंसर रोगियों को इलाज के लिए उन्हें दिल्ली-मुंबई की दौड़ नहीं लगानी होगी। उनके तमाम खर्चे भी बचेंगे। इस मौके पर एक्स डायरेक्टर एवं हेड, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी बीआर आंबेडकर इंस्टिट्यूट के डॉ. जीके रथ ने भी अपने अनुभव साझा किए।गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट में आधुनिक मशीनों के बारे में नगर विधायक को जानकारी देते डॉक्टर संदीप व डॉक्टर राजशेखर गुप्ता। क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. राजशेखर गुप्ता ने बताया कि गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट मुरादाबाद का पहला संपूर्ण कैंसर उपचार एवं रेडिएशन सेंटर स्थापित हुआ है। कीमोथेरेपी के लिए विशेष 18 बेड की सुविधा है। शीघ्र ही ब्लड बैंक, बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, पैट सीटी एवं कैंसर फिजियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि पूर्णतः विकसित सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग गैलेक्सी सेंटर में उपलब्ध हैं।

संभागीय परिवहन विभाग के कक्षों में प्राइवेट लोगों का कब्जा

आरटीओ व एआरटीओ के कोड से अप्रूवल करने का कार्य कर रहे संविदाकर्मी व निजी स्तर पर रखे कर्मचारी

मुरादाबाद-संभागीय परिवहन विभाग में फिर से प्राइवेट लोगों का कब्जा है। सरकार और परिवहन मंत्री के निजी कर्मचारी या दलालों के प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित करने के निर्देश को संभागीय परिवहन विभाग के जिम्मेदारों ने ताक पर रख दिया। पिछले दिनों अन्य जिलों में प्राइवेट लोगों और दलालों



की धर पकड़ के जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने छापेमारी की थी। मुरादाबाद के संभागीय परिवहन कार्यालय में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने छापेमारी की थी, हालांकि उस समय कोई प्राइवेट कर्मचारी और बाहर बैठने वाले दलाल नहीं मिले थे। अब विभाग में पुरानी व्यवस्था फिर पनप रही है।शनिवार की दोपहर 2 बजे के बाद संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय में आरटीओ और एआरटीओ अपने कक्ष में मौजूद नहीं थे। सर्वर रूम में सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में वाहनों के परमिट एनओसी और अन्य वाहनों के अप्रूवल देने का कार्य किया जा रहा था। रोजमर्रा में विभाग को निजी संस्था से मिले डेटा वेस एडमिनिस्ट्रेशन (डीवीए) इस कार्य को करता है। इसके लिए विभाग के एआरटीओ अपना कोड भी डीवीए को देते हैं। बाद में ओटीपी कोड अधिकारियों के फोन पर आता है वो डीवीए को बताते हैं। लेकिन शनिवार को डीवीए भी अपनी सीट पर नहीं था। वहां 2 निजी कर्मचारी कार्य कर रहे थे। वाहन स्वामियों से सौदेबाजी की जा रही थी। वहीं यात्री कर शाखा में भी निजी तौर पर रखे गए कर्मचारी कार्य करते मिले। लेखाकार कक्ष में अभिलेखों का रखरखाव भी बाहरी कर्मचारी कर रहे थे। प्रवर्तन शाखा में भी यही नजारा देखने को मिला।हालांकि विभाग के अधिकारी निजी कर्मचारियों के कक्ष में होने की बात से खुद को अनजान बता रहे हैं।विभाग में प्राइवेट कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं। जो कर रहे थे पिछले दिनों हुई छापेमारी कार्रवाई के बाद सब चले गए हैं। फिर भी अगर कोई अधिकारी निजी कर्मचारी से कार्य ले रहा है तो कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ अधिकारी पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।-राजेश सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी

सेल्समैन ने मौसेरे भाइयों संग रची साजिश, शराब कंपनी के एजेंट को लूटवाया... चार आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद में शराब कंपनी के सेल्समैन से 3.92 लाख लूटने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी, चार मोबाइल फोन, दो तमंचे और दो बाइक बरामद की गई हैं। एसपी सिटी ने बताया कि लूट की योजना बनाने में सेल्समैन का मौसेरा भाई भी शामिल था, जिसने दो दिन तक रेकी की थी।मुरादाबाद कोतवाली क्षेत्र में 30 सितंबर को शराब कंपनी के सेल्समैन ने मौसेरे भाई से कलेक्शन एजेंट से 3.92 लाख रुपये लुटवाए थे। शनिवार को पुलिस ने सेल्समैन समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटकांड का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपियों से 3.02 लाख रुपये की नकदी, चार मोबाइल फोन, दो तमंचा और दो बाइक बरामद की है।एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि मूंढापांडे निवासी संजीव रावत शराब कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। 30 सितंबर को वह दुकानों से कलेक्शन करने के बाद प्रिंस रोड स्थित शराब कंपनी के ऑफिस में 3 लाख 92 हजार 549 रुपये रुपये जमा करने जा रहा था।कोतवाली क्षेत्र में दोपहर करीब डेढ़ बजे मालवीय नगर गेट के पास दो नकाबपोश बदमाशों ने उससे नकदी भरा बैग लूट लिया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी की फुटेज की मदद की शनिवार को सिविल लाइंस के हरथला सब्जी मंडी निवासी तुषार उर्फ नानू उर्फ नोनू, रामलीला ग्राउंड हरथला निवासी अमित कश्यप व अर्जुन सैनी के अलावा कटघर के डबल फाटक निवासी अभिषेक भटनागर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभिषेक भटनागर ने पुलिस को बताया कि वह संभल चौराहे स्थित बीयर की दुकान का सेल्समैन है। तुषार उसका मौसेरा भाई है। अभिषेक ने ही तुषार को बताया था कि संजीव रावत कलेक्शन करके रकम प्रिंस रोड स्थित ऑफिस में जमा करने जाता है। अभिषेक, तुषार ने अर्जुन और अमित के साथ मिलकर 2 दिन रेकी की थी। इसके बाद घटना को अंजाम दिया था। आरोपी अभिषेक को रुपयों की जरूरत थी। इसलिए उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

सराफा बाजार ने पकड़ी रफ्तार, दो दिनों में तीन करोड़ का कारोबार, दुकानदारों के खिले चेहरे

मुरादाबाद -नवरात्र शुरू होते ही मुरादाबाद के सराफा बाजार में दो से तीन करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। कारोबारियों को इस सीजन में 20 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार की उम्मीद है। कुछ ग्राहक दिवाली के लिए सोने और चांदी के आइटम की बुकिंग भी करा रहे हैं।नवरात्र शुरू होते ही

सराफा बाजार की रौनक बढ़ गई है। सराफा कारोबारियों का दो दिनों के भीतर दो से तीन करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। नवरात्र के पहले दिन सोने का भाव 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचने के बावजूद सराफा कारोबारियों को 20 करोड़ से अधिक के कारोबार की उम्मीद है।नवरात्र, दशहरा, दिवाली के साथ शादियों का सीजन शुरू होने से ज्वेलरी की डिमांड लगातार बनी रहेगी। मुरादाबाद में बाजार गंज, मंडी चौक, कांठ रोड समेत कई जगहों पर सराफा के बड़े कारोबारी हैं। शहर में सराफा की छोटी-बड़ी 300 दुकानें हैं। कारोबारियों का कहना है कि सोने और चांदी के भावों में तेजी आ रही है।नवरात्र की शुरुआत में अभी ग्राहक कम आ रहे हैं। दो दिनों के भीतर ग्राहक निकलना शुरू करेंगे। इससे नवरात्र में जिले में करीब 20 करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। कुछ कारोबारियों का कहना है कि ग्राहक दिवाली के लिए सोने और चांदी के आइटम बुकिंग कराना शुरू कर दिए हैं। सोने का भाव बढ़ने की वजह से ग्राहक हल्के ज्वैलरी ही खरीद रहे हैं। लोग लाइटवेट गोल्ड ले रहे हैं। पहले कारोबार ठप पड़ा था, अब त्योहार शुरू हुआ है। त्योहार में ठी-ठाक कारोबार की उम्मीद लगा रहे हैं। - नितिन रस्तोगी, महामंत्री, श्री सराफा कमेटी मंडी चौक सोने के आइटम लोग ज्यादा खरीद रहे हैं। चांदी के आइटम के ग्राहक कम आ रहे हैं। अभी ग्राहक कम आ रहे हैं, दो दिन में ग्राहकों की बढ़ने की संभावना है। सोने के आइटम में लोग लाइट ज्वेलरी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। - नीरज अग्रवाल, सराफा एसोसिएशन, बाजार गंज त्योहारी सीजन में सोने और चांदी के आइटम की बुकिंग चार गुना बढ़ गई है। दो दिनों में 10 से 12 लाख का कारोबार हुआ है। दिवाली में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। अभी से बाजार में अच्छी भीड़ है। - रवि गुप्ता, सुधीर कुमार ज्वैलर्स पिछले साल के मुकाबले इस साल नवरात्रि तक सोने के भाव में आठ से 10 हजार का अंतर आ गया है। ग्राहक अपने बजट से ज्यादा खर्च नहीं कर रहे हैं। इसलिए छोटे आइटम ज्यादा बिक करे हैं। - प्रदीप रस्तोगी, उपाध्यक्ष, सराफा कमेटी मंडी चौक

संक्षिप्त समाचार

पुरुष से किन्नर बने हाजी मुकीम उर्फ रेशमा की नस फटने से मौत

क्षेत्र बंटवारे को लेकर साथी किन्नरों पर परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

सुविधाजनक- शादी के बाद पुरुष से किन्नर बने हाजी मुकीम की क्षेत्र बंटवारे को लेकर साथी किन्नरों के दबाव में मस्तिष्क की नस फटने से मौत हो गई। हाजी मुकीम उर्फ रेशमा की पत्नी ने संपत्ति बंटवारे को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। फिर शव को दफनाने के लिए परिवार और किन्नरों में लात घूंसे चले। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई किन्नरों को हिरासत में लिया है। परिवार ने किन्नरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी हाजी मुकीम शादी के बाद किन्नर बन गए थे। हाजी के परिवार में चार बेटी और दो बेटे हैं। हाजी ने अपना ऑपरेशन कराने के बाद गुरु शबनम से दीक्षा ली। गुरु शबनम ने हाजी का नाम रेशमा रख दिया। इसके बाद रेशमा को गुरु ने बधाई मांगने के लिए अगवानपुर क्षेत्र दे दिया। बधाई के लिए रेशमा को ज्यादा गांव मिलने से साथी किन्नर खफा रहने लगे। साथ ही हाजी उर्फ रेशमा बीच-बीच में परिवार वालों को भी पैसे भेजते थे। हाजी के इस कदम से भी किन्नर साथी खफा रहते थे।

23 सितंबर को साथी किन्नरों ने बातचीत करने के लिए हाजी उर्फ रेशमा को अपने घर बुलाया था। इसी दौरान रेशमा और किन्नर पायल में क्षेत्र बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। जिससे हाजी की नस फट गई। सूचना पर पहुंची पत्नी व अन्य परिजनों आनन-फानन में दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल ले गए। इसके बाद ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। शुक्रवार को हाजी उर्फ रेशमा की फिर से अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें कांठ रोड निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। आरोप है कि साथी किन्नरों को इसकी भनक लगने पर अस्पताल पहुंच गए। क्षेत्र बंटवारे को लेकर खफा किन्नरों ने हाजी उर्फ रेशमा के मुंह से जबरन ऑक्सीजन पाइप निकाल दिया। जिससे हाजी उर्फ रेशमा (50) की मौत हो गई। फिर शव दफनाने को लेकर परिवार वालों से विवाद करने लगे। इसके बाद परिवार और किन्नरों को बीच जमकर लात-घूंसे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस कई किन्नरों को थाने ले गई। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। हाजी उर्फ रेशमा के परिवार ने साथी किन्नरों पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मां घर में खोज रही थी सामान, कमरे का नजारा देख निकली चीख, बेटी की लाश पंखे से लटकी थी

मुरादाबाद चंदौसी में छात्रा ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। गुन्नौर के मोहल्ला मासूम अली निवासी आईटीआई की

छात्रा अनामिका श्रीवास्तव ने रविवार सुबह अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने किसी तरह की घरेलू कलह से इनकार किया है।गुन्नौर के मोहल्ला मासूम अली निवासी अनामिका श्रीवास्तव ने दो महीने पहले ही बदायूं के अलापुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एडमिशन लिया था। इन दिनों वह घर पर थी। रविवार की सुबह छात्रा की मां अपनी चप्पल ढूंढ रही थीं।इसी दौरान वह छात्रा के कमरे के पास पहुंचीं और खिड़की से झांककर देखा तो उनकी चीख निकल गई। अनामिका पंखे से बंधे फंदे पर लटकी थीं, उनके गले में दुपट्टा कसा हुआ था। बेड पर संदूक रखे थे और कमरा अंदर से बंद था। चीख सुनकर पड़ोसी लोग इकट्ठा हो गए। परिजनों ने लोगों की मदद से दरवाजे का कुंडा तोड़ा और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि सब कुछ ठीक था और किसी प्रकार की घरेलू कलह नहीं थी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

वरुण अर्जुन रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज प्रांगण मे छात्र का शव मिलने से मचा हड़कंप

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

शाहजहांपुर थाना तिलहर क्षेत्र के वरुण अर्जुन रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया। जब शाहजहांपुर पुलिस अधीक्षक राजेश एसश्र पुलिस बल के साथ वरुण अर्जुन रोहिलखंड

मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में एमबीबीएस सेकेंड ईयर के छात्र का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे। मृतक छात्र गोरखपुर निवासी कुशाग्र प्रताप सिंह बताया जा रहा। फिलहाल पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस ने कमरे सील कर उसके परिवार वालों को घटना की सूचना दे दी। छात्र की मौत हत्या है या फिर आत्महत्या इस सवाल के साथ पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना से शाहजहांपुर वरुण अर्जुन रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में काफ़ी दहशत सी फैल गई है। गौरतलब है कि वरुण अर्जुन रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज इससे पहले भी नर्सिंग के एक छात्र के बिल्डिंग से कूदने की घटना को लेकर काफ़ी चर्चा में रहा है।

ससुराल गए एक युवक की गर्रा नदी में डूबने से हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/अमृतपुर। थाना क्षेत्र के गांव गूजरपुर पमारान निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र रामदास उम्र 30 का विवाह जिला हरदोई के थाना सांडी के गांव बखरिया से लगभग दस बर्ष पहले हुई थी जो शुक्रवार को ससुराल मे हुई पारिवारिक सास की मृत्यु मे गया था। लेकिन काल के गाल मे समा गया। बताया जा रहा है कि जव मृतक घर के लिए आ रहा था तभी पानी से निकलते समय किसी तरह पैर गहरे पानी मे चला गया लेकिन मौके पर अन्य व्यक्ति मौजूद न होने के कारण युवक डूब गया। जब स्थानीय ग्रामीणों ने मृतक के डूबने की सूचना ससुराल व मृतक के परिवारी जनो को दी तो परिजनों मे कोहराम मच गया। तथा मौके पर भीड़ लग गयी लेकिन शनिवार को शव बरामद न हो सका तथा सांडी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रविवार सुबह शव को बरामद कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव घर आते ही परिवार मे कोहराम मच गया मृतक 5 भाइयों मे सबसे बड़ा बताया जा रहा है वहीं मृतक की मां रामश्री व पत्नी रमना देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

रोगों से कैसे हो मुकाबला, जब गली, मोहल्ला नाली, विद्यालय के सामने भरा पानी

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/ अमृतपुर। जिले मे इस समय संचारी रोग अभियान के तहत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लेकिन यह अभियान अब केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रहा है। गांव की गलियों मे पानी भरा हुआ है। गलियां कीचड़ से बज बजा रही है लेकिन जिम्मेदार मौन बैठे हैं। बताया जा रहा है कि हुसैनपुर हडाई की गलियों मे कीचड़ भरा रहता है। कर्मचारी ने गांव मे की तैनाती की है चल रही है। तथा परतापुर कलां, हुसैनपुर राजपुर, भावन, पिथनापुर कर्मचारियों के जहां 7000 से 8000

पानी व नालियों मे सूत्रों की माने तो सफाई 7000 रुपए मे युवक जिसके हवाले सफाई गूजरपुर गहलवार, किराचन गढ़ैया, कुम्हरौर गुडेरा चपरा, समेत दर्जनों गांव सफाई अभाव मे चल रहें है रुपए वाले सफाई कर्मचारी काम कर रहे लेकिन जिन को सरकार के द्वारा पक्की नौकरी दी गयी वह मौज ले रहे है। जिम्मेदार ठहरे खंड विकास अधिकारी भी इस बात पर बिल्कुल ध्यान नहीं देते। जिसके कारण गांवों मे गंदगी की वजह बीमारियां फैल रही है। वहीं गूजरपुर पमारान मे प्राथमिक विद्यालय के पास गंदगी व गंदा पानी 1 साल से अधिक समय से बह रहा है छोटेलाल के दरवाजे के पास भी पानी का भराव हो रहा है। वहीं बात करे हुसैनपुर राजपुर की तो सामुदायिक शौचालय समुद्र के टापु पर बना नजर आ रहा है जिसके चारों तरफ पानी भरा हुआ है। जिसके लिए कोई भी जाने की रास्ता नहीं है बीते लगभग 7 बरसों से बह बद पड़ा है। संबंधित सचिव व प्रधान पर कार्रवाई कर रिकवरी करनी चाहिए।

सडक सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एट टोल प्लाजा चलाया गया चेकिंग अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

एट - शासन के निर्देश के क्रम में ''सड़क सुरक्षा पखबाड़ा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल जालौन द्वारा एट टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग/गलत नम्बर प्लेट, बिना एच.एस.आर.पी. प्लेट लगे वाहन, सड़क किनारे खड़े अवैध

वाहनों एवम् बिना रेट्र रिफ्लेक्टिव टेप लगे वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लेन ड्राइविंग के बारे में चालकों को जागरुक किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट के हाई बीम/लो बीम के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गयी व जागरुक किया गया। उक्त कार्यक्रम में एट टोल प्लाजा के सीनियर मैनेजर के0के0 शुक्ला व मैनेजर दीपेन्द्र भार्गव व एट टोल प्लाजा के अन्य कर्मी एवम् समाज सेवी श्री अनिल कुमार सिन्धू उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु सलाह दी गयी व जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालित करते पाये गये उनको फूल देकर व माला पहनाकर सरकार, परिवहन विभाग व उनके परिवार की ओर से आग्रह किया गया कि वाहन का संचालन करते समय सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें व वाहन का संचालन करते समय वाहन नशे की हालत में वाहन न चलायें, तेज गति से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय स्टंट आदि न करें। इसके साथ ही समस्त वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट के हाई बीम/लो बीम के प्रयोग के बारे में जानकारी मुहैया करायी गयी।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न नगर निगम में फैल रहे भ्रष्टाचार को लेकर हुई चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की एक बैठक आज दिन रविवार को अंबेडकर पार्क सिविल लाइंस पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता डिंपल सागर ने की वही संचालन डॉक्टर हरि नंदन प्रसाद ने किया वहीं बैठक का शुभारंभ डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया

गया बैठक में वक्ताओं द्वारा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के साथ हो रही भ्रष्टाचारियों पर चर्चा की गई बैठक में बताया गया कि संगठन द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्या को लेकर नगर निगम प्रशासन से यह मांग करता चला आ रहा है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्तियां सेवा प्रस्ताव द्वारा भ्रष्टाचार फैलाकर की जा रही है लेकिन नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान दे और नई सेवा प्रस्ताव कंपनी आरआर प्रोजेक्ट द्वारा भ्रष्टाचार फैलाकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा अवैध रूप से नियुक्त कर रही है जिसका संगठन विरोध करता है और नगर निगम प्रशासन से ये मांग करता है कि नगर निगम में आरआर कंपनियां जो आउटसोर्सिंग की सेवा नियुक्तियां कर रही है उसको बंद किया जाए नहीं तो राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन संगठन एक बड़ा आंदोलन करने को वादी होगा वही इस बैठक के दौरान नवनियुक्त के पद पर महानगर अध्यक्ष बालेश्वर नाथ को नियुक्त किया गया वही इस बैठक में मुख्य रूप से करन सिंह वाल्मीकि, संजय समर्पित डिंपल सागर डॉक्टर हरिनंदन प्रसाद ,जागेंद्र वाल्मीकि, रोहित चंदेल, अनिल बाल्मीकि, अरविंद, संजय समर्पित प्रांतीय महामंत्री, आदि लोग उपस्थित रहे

बड़े धूमधाम से निकली गई आदर्श रामलीला मंडल की श्री राम बारात शोभायात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। आदर्श रामलीला मंडल द्वारा आयोजित श्री राम विवाह शोभा यात्रा का भव्य आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। भगवान श्री राम की बारात को देखने के लिए न केवल जनपद के

लोग बल्कि आसपास के जिलों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई और पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। शोभा यात्रा की शुरुआत लोहाई रोड स्थित भारतीय पाठशाला से हुई और यह चौक, लोहाई रोड, नाला मच्छरहटा, गुड्डी पक्का पुल, किराना बाजार, नेहरू रोड, बाजार घुमना से नीवाचुअत होते हुए वापस भारतीया पहुंची। यात्रा के दौरान सड़कों के दोनों ओर भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन की तैनाती की गई थी। श्री राम बारात में भगवान गणेश, हनुमान जी, माता दुर्गा, भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, भगवान शंकर, राजा दशरथ, विश्वामित्र, परशुराम, मां काली, नरसिंह भगवान, और विश्व मोहिनी की अद्भुत झांकियां शामिल थीं। इसके बाद भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की रथ यात्रा निकली, जिसमें चारों भाइयों को एक साथ देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान की आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। नगर

में राम बारात की धूम रात भर बनी रही, जिससे शहर में मेले जैसा माहौल हो गया। पहले दिन की अपेक्षा आदत रामलीला मंडल की राम बारात शोभा यात्रा काफी सुंदर बन पड़ी लोगों ने सजाए के स्वरूपों की जमकर तारीख की मंडल के जिम्मेदार पदाधिकारी की मेहनत सामने दिखाई दी शानदार स्वरूप और सुंदर संयोजन को देखते हुए सभी ने शोभा यात्रा की तारीख की इतना अवश्य आगे रथों के संचालन में काफी अंतर दिखाई दिया इस कारण से 2 घंटे में निकल जाने वाली शोभायात्रा लगभग पांच घंटे में नगर भ्रमण कर सकी। शोभा यात्रा में मंडल के अध्यक्ष मंत्री व पदाधिकारियों ने मौजूद रहकर व्यवस्था को संभालने का काम किया।

